# प्रादेशिक समाचार
## 14.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुरुलिया–आनंद विहार साप्ताहिक एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी, रांची, मुरी और सासाराम के रास्ते अयोध्या और दिल्ली का सफर होगा आसान।

2. विधानसभा में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 51 अरब 94 करोड़ 53 लाख रुपये से ज्यादा की अनुदान मांग पारित, कई मुद्दों पर सत्तापक्ष और विपक्ष में तीखी बहस।

3. रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गैस किल्लत की खबरों को नकारा, कहा– आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, कांग्रेस पर लगाया भ्रम फैलाने का आरोप।

4. नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, लातेहार में 10 लाख का इनामी जोनल कमांडर समेत दो माओवादी गिरफ्तार।

5. रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेले का भव्य आगाज, किसानों को मिलेगी आधुनिक खेती की तकनीक।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोलकाता से पुरुलिया–आनंद विहार साप्ताहिक एक्सप्रेसको हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह नई ट्रेन झारखंड के मुरी और रांची के साथ–साथ बिहार के सासाराम और भभुआ होते हुए अयोध्या, लखनऊ और वाराणसी को जोड़ेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने आज कोलकाता में लगभग 18 हजार 6 सौ 80 करोड़ रुपये की लागत की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं न केवल पश्चिम बंगाल बल्कि पूरे पूर्वी क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेंगी।

******************

रांची रेलवे स्टेशन पर आज पुरुलिया–आनंद विहार एक्सप्रेस के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या दो पर खड़ी एक अन्य ट्रेन की छत पर एक अज्ञात व्यक्ति चढ़ गया और हाई वोल्टेज ओवरहेड तार की चपेट में आ गया। हादसे के बाद स्टेशन पर अफरा–तफरी मच गई। रेल अधिकारियों ने तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कर गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति को नीचे उतारा और रेलवे एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा। मौके पर मौजूद रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि घायल के बेहतर इलाज के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

******************

विधानसभा के बजट सत्र के 14वें दिन आज पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की अनुदान मांगें ध्वनि मत से पारित कर दी गईं। कार्यवाही के दौरान राज्य में गहराते जल संकट और नल–जल योजना की सुस्त रफ्तार समेत कई मुद्दों पर सदन में पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई।

******************

भारतीय ध्वज वाले दो जहाज़ शिवालिक और नंदादेवी ने आज तड़के होर्मुज़ जलडमरूमध्य से सुरक्षित तरीके से पार कर लिया है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने दिल्ली में आज शाम अंतर–मंत्रालयी मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि इन जहाज़ों पर 92 हजार 7 सौ मीट्रिक टन एलपीजी है। श्री सिन्हा ने बताया कि ये जहाज़ 16 और 17 मार्च को मुंद्रा और कांडला बंदरगाह पर पहुंचेंगे।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि किसी भी खुदरा दुकान या एलपीजी वितरक के यहां एलपीजी की कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल उपलब्ध हैं।

******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची स्थित सांसद कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए गैस किल्लत की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कृ त्रिम रूप से पैनिक स्थिति पैदा करने की कोशिश कर रही है। श्री सेठ ने पुराने दिनों की याद दिलाते हुए कहा कि अब घंटों लाइन में लगने की जरूरत नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

******************

रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आज एक विशेष मिलन समारोह आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बोकारो के गोमिया विधानसभा क्षेत्र से आए अशरफेल अंसारी और उनके दर्जनों समर्थकों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। अध्यक्ष ने कहा कि रमज़ान के पाक महीने में इन साथियों के जुड़ने से बोकारो जिले में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

******************

लातेहार पुलिस ने माओवादियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि 10 लाख के इनामी जोनल कमांडर मृत्युंजय भुईयां और 2 लाख के इनामी सदस्य बबलू राम को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से हथियार, गोलियां और दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुई है।

******************

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आज से तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला 2026 शुरू हो गया है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इसका उद्‌घाटन किया। मेले में लगे 120 स्टॉलों के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, डेयरी और खाद्य प्रसंस्करण की नई तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि किसानों के उत्थान के लिए सामूहिक प्रयास की जरुरत है। मौके पर कृषि मंत्री ने किसानों और युवा उद्यमियों से अपील की कि वे मेले में प्रदर्शित आधुनिक कृषि यंत्रों और उद्यान प्रदर्शनी का लाभ उठाएं ताकि राज्य कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी कर दी है, जिसका सीधा लाभ हजारीबाग जिले के किसानों को मिला है। जिले के किसानों में उत्साह देखा जा रहा है। इचाक प्रखंड के किसानों का कहना है कि इस योजना ने उन्हें महाजनों पर निर्भरता से मुक्त कर आत्मनिर्भर बनाया है।

******************

रांची के पशुपालन भवन में आज स्पाइसेज एंड मार्केट लिंकेज पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। स्पाइस बोर्ड ऑफ इंडिया और झारखंड कृषि विभाग के इस साझा कार्यक्रम में हल्दी, अदरक और इमली के निर्यात पर चर्चा हुई। मार्केटिंग डायरेक्टर बी.एन. झा ने वैश्विक बाजार के अनुरूप क्वालिटी प्रोडक्ट तैयार करने पर जोर दिया।

******************

राज्य में मौसम का मिजाज बिगड़ने वाला है। मौसम विभाग ने 15 से 18 मार्च तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। विशेषकर 16 मार्च को पूर्वी और मध्य भागों में 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। 17 मार्च को राज्य के लगभग सभी जिलों में आंधी–पानी का असर रहेगा।

*******************

रांची के मोराबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में 19 मार्च को सुबह 8 बजे से अंडर–20 जूनियर राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। इसमें 2006 से 2008 के बीच जन्मे महिला एवं पुरुष खिलाड़ी विभिन्न भार वर्गों में हिस्सा ले सकेंगे। चयनित पहलवानों को 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद वे छत्तीसगढ़ के दुर्ग में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में चुनौती पेश करेंगे।

********समाप्त*********